प्रेस नोट

दिनांक 16.07.2024

आगामी त्यौहार मुहर्रम के दृष्टिगत कर्बला मैदान का निरीक्षण।

आज दिनांक 16.07.2024 को पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा थाना कोतवाली सदर पुलिस बल के साथ आगामी त्यौहार मुहर्रम के दृष्टिगत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के कर्बला मैदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में महोदया द्वारा क्षेत्राधिकारी सदर व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली सदर को मुख्य रूप से सुरक्षा इंतजाम उचित और पर्याप्त पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में लगा हो सुनिश्चित करने हेतु व आयोजन के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

जनमानस से, असामाजिक तत्त्वों द्वारा अफवाह फैलाने व किसी भी तरह का उपद्रव करने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने को कहा गया व आपसी सौहार्द बनाते हुए मिलजुलकर त्यौहार मनाने की अपील की गई।

इस अवसर पर संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।